निग्गंथं पावयणं सच्चं

जैन धर्म के मौलिक

—: निदेशक :—

श्री जसवन्तलाल शाह

—: सम्पादक :—

मोहनलाल मूथा

—: प्रकाशक :—

श्री स्थानकवासी जैन धार्मिक शिक्षण शिविर,

जोधपुर (राज०)

— प्राक्कथन —

'जैन धर्म के मौलिक सिद्धान्त' पुस्तक प्रस्तुत करते हुए हर्ष होता है। इस पुस्तक में जैन धर्म के दस नियम, स्थित कल्प के दस भेद, पुण्य हेय, ज्ञेय और उपादेय, चार प्रत्येक बुद्ध चित्त संभूति, द्विमुख, करकंडू, नगाति तथा गम्मा और महादण्डक-थोकड़ा आदि को सरल, सुबोध भाषा में समझाने का प्रयत्न किया गया है। साथ में अंग्रेजी पाठकों के लिए उक्त चारों अध्ययनों का सरल अनुवाद अंग्रेजी में रखा गया है।

पुस्तक के सम्पादन तथा विषय निर्वाह की पूरी सावधानी रखने के बावजूद भी छद्मस्थ अवस्था के कारण त्रूटि होना संभव हैं। साथ में प्रिंटिंग की त्रूटियां हाना भी स्वाभाविक है।

सुश्रावक श्री मान् अमरचन्दजी सा. लोढ़ा का मैं अत्यन्त आभारी हूँ कि उन्होंने स्तोकज्ञान वर्धन में मुझे बहुत सहयोग दिया। मैंने अपनी बुद्धि की क्षयोपशमानुसार गम्मा जैसे कठिन स्तोक का सरल विवेचन किया है। उस में अनजाने में कोई भूल रह गयी हो तो सुज्ञ पाठक उनका निर्देश करेंगे ताकि अगली आवृत्ति के प्रकाशन के समय उनका शुद्धिकरण किया जा सके।

मैं सुश्रावक, तत्त्वज्ञान प्रेमी श्रीमान् धींगड़मलजी सा. गिरिया एवं धर्म प्रेमी आगम रसिक श्री जसवत लाल भाई शाह का उपकार कदापि नहीं भूल सकता जिन्होंने समय-समय पर मेरा ज्ञान वर्धन कर मुझे उत्साहित किया।

1-1-82

मोहनलाल मूथा

श्री रतनलालजी सा. डोशी सम्पादक 'सम्यग्दर्शन' की सम्मति

पुस्तक में सामग्री का संचय ठीक हुआ है। श्री उत्तराध्ययन सूत्र के कुछ अध्ययन भी दिये हैं जिनका भावपूर्ण स्वाध्याय आत्मा में शुभ परिणति उत्पन्न करने वाला है। प्रत्येक वृद्ध चरित्र भी उत्तम है। इनका अनुवाद सर्वोपयोगी हिन्दी भाषा में होना था। महादण्डक तथा गम्मा के थोकडे इस विषय में समझने सिखनेवाले के उपयोगी हैं। स्वयं मूथा सा. इस विषय के अच्छे ज्ञाता हैं, और सीखने में सरलता हो ऐसा ढंग वतलाते हैं।

पुस्तक विना किसी भेद भाव के सभी जैन धर्मानुयायियों के लिए उपयोगी है।

विषयानुक्रमणिका

॥ श्री ॥

समय सारणी जोधपुर रेखांश

तारीख मास	सूर्योदय	राई प्रति-क्रमण पच्चखाण	विहार प्रति लेखन या स्त्री पुरुष प्रवेश व प्रार्थना	नवकारसी	पौरुषी	सूर्यास्त	देवसी प्रतिक्रमण प्रारंभ	पुरुष या स्त्री प्रवेश बन्द
1 जनवरी	7-27	7-15	7-30	8-14	10-04	5-57	6-15	5-50
1 फरवरी	7-22	7-10	7-30	8-10	10-08	6-21	6-35	6-15
1 मार्च	7-01	6-50	7-10	7-49	9-55	6-40	7-00	6-35
1 अप्रेल	6-29	6-15	6-35	7-17	9-36	6-56	7-15	7-50
1 मई	6-01	5-50	6-10	6-49	9-18	7-10	7-25	7-05
1 जून	5-45	5-35	5-50	6 33	9-11	7-29	7-45	7-25
1 जुलाई	5-50	5-40	5-55	6-38	9-16	7-35	7-50	7-30
1 अगस्त	6-04	5-50	6-10	6-52	9-23	7-26	7-40	7-20
1 सित.	6-18	6-05	6-25	7-06	9-28	7-00	7-15	6-50
1 अक्टू.	6-30	6-20	6-35	7-18	9-28	6-25	6-40	6-20
1 नवम्बर	6-47	6-35	6-55	7-35	9-34	5-57	6-15	5-50
1 दिस.	7-09	6-55	7-15	7-57	9-48	5-45	6-00	5-40

नमस्कार मंत्र प्रार्थना

अरिहन्त के अनुयायी हैं, अहिंसा धर्म हमारा है।
सब जीवों से प्रेम करें हम, ईर्ष्या द्वेष निवारा है ।।

सिद्ध प्रभु के अनुयायी हैं, सत्य धर्म मन भाया है।
सत्य ही बोलें, सत्य ही तोलें, जीवन में सत्य समाया है ।।

आचार्य के अनुयायी हैं, अचौर्यव्रत को धारा है।
पर धन को हम कभी न छुएं, चौर्य कर्म नहीं प्यारा है ।।

उपाध्याय के अनुयायी हैं, जीवन उच्च बनायेंगे।
पर वनिता 'माता अरु भगिनी', जग में सुशील कहायेंगे ।।

मुनियों की सेवा करते हैं, दौलत जिनने ठुकराई है।
हम लोभ लालच में फंसे हुए हैं आयु व्यर्थ गंवाइ है ।।

इस शुभ दिनसे हम करें प्रतिज्ञा, संतोष जीवन में लायेंगे।
नीति न्यायमय जीवन होकर, सुखी सकल बनजायेंगे ।।

सम्पादक परिचय—

श्री मोहनलालजी मूथा - एक परिचय

आप बड़े धर्मनिष्ट, धर्मपरायण, सतत श्रद्धा पूर्वक ज्ञानाराधन करने वाले धर्मानुरागी सद्गृहस्थ हैं। आपको ये धार्मिक संस्कार धर्मप्रेमी अपने पूज्य पिता श्री ताराचन्दजी शाह से प्राप्त हुए है। आप महादण्डक और गम्मा के विशेषज्ञ हैं। आपने अब तक 300 साधु साध्वियों को इसका बोध कराया है। आपने संवत् 2018 से श्रावक के 12 व्रत व संवत् 2022 में संपूर्ण ब्रह्मचर्य व्रत को ग्रहण किया। संवत् 2033 से रात्रि भोजन त्याग व संवत् 2032 से निरंतर एकान्तर उपवास कर रहे है। आपके जीवन में त्याग वृति पाई जाती है। आप सुधर्म प्रचार मण्डल के प्रमुख स्वाध्यायी हैं।

अपने समान अन्य प्राणी को समझो।

सव्वे पाणा पिआउया नाईवाएज्ज कंचणं।

सबको अपना जीवन प्रिय है, किसी भी प्राणी की हिंसा मत करो। सभी प्राणी अपने प्राणों की सुरक्षा केलिये सतत सचेष्ट रहते हैं। प्रत्येक विकट परिस्थिति में प्राणों की रक्षा के लिए सभी प्रयत्न करते हैं। प्राणहरण करने पर जैसा अनुभव तुम्हें होता है, वैसा ही अन्य को भी। अतः हिंसा मत करो। प्राणों और प्राणी की रक्षा करो। रक्षा का अर्थ सिर्फ प्राणों को न लेना ही नहीं है किन्तु दुःखी अभाव पीड़ितों के प्रति तन, मन और धन से अग्रसर होकर उनको अभय दो। सुरक्षा का अर्थ है सेवा, उपकार, करुणा, मैत्री आदि का का व्यवहार करना।

सुश्रावक श्री मोहनलालजी ताराचंद जी मूथा
जन्म तिथि : कार्तिक कृष्णा छट्ठ, संवत् 1984

आत्मानुशासन

अप्पणो य परं नालं कुत्तो अन्नाणुसासिउ ।

जो अपने पर अनुशासन नहीं रख सकता है, वह दूसरों पर अनुशासन कैसे रख सकेगा ? यदि व्यक्ति स्वेछाचारी है, अपने जीवन में मर्यादा नहीं करता है और यथेच्छ प्रवृत्ति करता है । तो दूसरों के सद्व्यवहार की अपेक्षा कैसे रखी जा सकती है । अनुशासन का सही मायने में यह अर्थ है कि पहले अपने को संयमित बनाओ, मर्यादा में रहो और जिस मर्यादा में स्वयं रहोगे, तदनुरुप दूसरा भी शासन मानेगा ।

महावीर के सिपाही

महावीर के हम सिपाही बनेंगे,
जो रखा कदम फिर न पीछे धरेंगे ।। राग ।।

सिखा देंगे दुनिया को शान्ति से रहना,
अहिंसा की बिजली नसों में भरेंगे ।। 1 ।।

लगायेंगे मरहम जो होवेंगे जख्मी,
सुखी करके जग को स्वयं दुःख सहेंगे ।। 2 ।।

कहीं जुल्म दुनिया में रहने न देंगे,
अगर सर कटेगा खुशी से मरेंगे ।। 3 ।।

न घुड़ दौड़ में जग के पीछे रहेंगे,
कसेंगे कमर और आगे बढेंगे ।। 4 ।।

अहिंसा के सेवक हैं हम वीर सच्चे,
धर्म युद्ध में हम आगे बढते रहेंगे ।। 5 ।।

हमें राम सुख-दुख की परवाह नहीं है,
अहिंसा का झण्डा लहरा के रहेंगे ।। 6 ।।

श्री अमृतलालजी मूथा

'होनहार वीरवान के होत चिकने पात'

कहावत के अनुसार आपमें बाल्यावस्था में ही सुसंस्कृत माता पिता के संस्कार अंकुरित हो गये। मेट्रिक तक व्यावहारिक शिक्षण प्राप्त करने के पश्चात् धार्मिक शिक्षण शिविरों व संत समागम के माध्यम से आपकी रुचि धार्मिकता की ओर विशेष जागृत हुई। दिनों दिन त्याग और वैराग्य की भावना बढ़ती रही। आपने दशवैकालिक उत्तराध्ययन सूत्र तथा थोकड़ों का अध्ययन किया और अन्त में पूज्य तपस्वीराज श्री चम्पालाल जी म. साहब के पास संवत् 2034 वैशाख शुकला 11 को दीक्षित हुए आप इस समय मुनि पद में विचर रहे हैं। आप भी पहले सुधर्मप्रचार मण्डल के प्रमुख स्वाध्यायी थे।

सुभाषित

जिसकी श्रद्धा नींव और क्रिया भीत है, जिसमें सत्तरह संयम सोपान हैं, ज्ञान जिसका दरवाजा है चार प्रकार की समाधि शय्याएँ हैं, पांच समितियां जिसको छत है, बारह तप ही जिसके स्तम्भ (खम्भे) हैं, दस यति धर्म जिनकी खिड़कियां हैं, जिसके भीतर ज्ञान-रूपी प्रदीप प्रकाशित हो रहा है, और चारों ओर बारह प्रकार की भावना रूप उद्यान, शान्ति रूपी सलिल से लहलहा रहा है, ऐसे महाव्रत रूप प्रासाद (महल) में संयमी आत्मा सुख पूर्वक विराजमान है।

श्री अमृतलाल जी मूथा सुपुत्र श्रीमोहनलाल जी मूथा
जन्म तिथि : फाल्गुन कृष्णा अमावस्या संवत् 2015

मनुष्यत्व की दुर्लभता

लेखक : पं. श्री महेशचन्द्रजी जैन

दुःख से छुटकारा पाने के लिए मनुष्य भव भी एक साधन है। न मालूम किस पुण्योदय से हमें यह मानव भव प्राप्त हुआ है। मानव भव की प्राप्ति के लिए देवता भी तरसते हैं भगवान् महावीर ने कहा है :—

कम्माणं तू पहाणाए, आणुपुव्वी कयाइ उ।
जीवा सोहिमणुपत्ता, आययन्ति मणुस्सयं ॥

उतराध्ययन अ, 3, गा, 7

अनेकानेक योनियों में भयंकर दुःखों कोभोगते-भोगते जब कभी मनुष्ययोनी को प्राप्त कराने में बाधक कर्मों को क्षय करके जीव जब शुद्धि-निर्मलता को प्राप्त करता है तब मनुष्यत्व को प्राप्त करता है।

मोक्ष प्राप्ति में चार कारण बहुत दुर्लभ बताये गये हैं। उनमें मनुष्यत्व की प्राप्ति को प्रधान कारण बताया गया है भगवान् महावीर ने अपने अन्तिम प्रवचन में कहा है :—

चत्तारि परमंगाणि, दुल्लहाणीह जंतुणो।
माणुस्सत्तं सुई सद्धा, संजमम्मि य वीरियं ॥

मनुष्यत्व, शास्त्रश्रवण, श्रद्धा और संयम में पराक्रम अर्थात् चारित्र का पालन ये चार साधन संसारी प्राणी के लिए बहुत दुर्लभ है।

मनुष्य और मनुष्यत्व में कितना अन्तर है संसार में मनुष्य वनना इतना दुर्लभ नहीं है जितना कि मनुष्यत्व प्राप्त करना। एक व्यक्ति चाहे कितना विद्वान् क्यों न हो जाए, चाहे कितना बड़ा वेरिस्टर या जज क्यों न बन जाये, चाहे कितना बड़ा विज्ञान वेत्ता या डाक्टर क्यों न हो जाये, चाहे कितना बड़ा अध्यापक या प्रवक्ता क्यों न बन जाये, कितनी बड़ी-बड़ी पदवियों को क्यों न धारण कर लेवे किन्तु उसमें मानवता प्राप्त नहीं हुई तो वे सब पदवियां आध्यात्मिक दृष्टि से नगण्य हैं। मानवता प्राप्त करने के लिए अपने आप को वदलना होगा। उसको प्राप्त करने के लिए सम्यग्-दर्शन की परमावश्यकता है। इसके विना ज्ञान अज्ञान रूप है। सम्यग्-दर्शन का स्वरूप है जिनेन्द्र प्ररुपित तत्वों पर पूर्ण श्रद्धा होना, लेशमात्र भी शंका न करना यही सम्यग्-दर्शन है। सम्यग्-दृष्टि यदि पढ़ा हुआ भी न होगा तव भी उसमें अनुकम्पा होगी, उसमें शोषणवृत्ति और संग्रहवृति न पाई जायगी। वह कभी भी क्रूर कर्म न करेगा अतः ऐसे व्यक्ति में मनुष्यता का स्वतः ही विकास होगा।

इसी दृष्टि को सम्मुख रख कर जैनशास्त्रों में 'माणुस्सं खु सुदुल्लहं' मनुष्य होना वड़ा कठिन है यह कहा गया है। महावीर प्रभु का यही आशय है कि नर शरीर तो न मालूम अनन्ती वार प्राप्त कर चुके हैं किन्तु यदि हममे मनुष्यता आती तो निश्चय ही हमारा वेड़ा पार हो जाता। अतः मनुष्यता प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील होना आवश्यक है।

विश्व शांति कैसे हो सकती है ?

आज के वैज्ञानिक युग में जहां मनुष्य के द्वारा नई-नई व्यवहारोपयोगी वस्तुओं का आविष्कार किया गया है वहां महान् से महान् संहारक उद्‌जनबम जैसे शस्त्रों का भी। यह सब किसलिए ? मेरी सत्ता समस्त संसार पर फैल जाए, मैं ही सबका प्रभु हो जाऊं। एक ओर तो शस्त्रों की होड़ में एक देश दूसरे देश से आगे निकल जाना चाहता है तव दूसरी और आधुनिक जनता का अधिक भाग युद्ध को न चाहकर शांति की चाहना करता है। परन्तु शांति शस्त्रों के वलबूते किये गए युद्ध से नहीं मिल सकतो। शांति का वास तो अहिंसा में है। 25 वर्ष पहले विश्व शांति के इच्छुक 40 देश के विद्वानों की एक सभा शान्ति निकेतन में हुई थी। उन्होंने वहां जैन धर्म सम्बन्धी चर्चा की जिसका सार कलकत्ता युनीवर्सिटी के अन्तर राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉ. कालीदास नाग ने स्पष्ट शब्दों में यह प्रकट किया कि जैन धर्म सार्वभोमिक धर्म है। अगर इसका प्रचार किया जावे तो अखिल विश्व का लोक प्रिय धर्म बन सकता है। पाचवे आरे के पूरे 21 हजार वर्ष तक जैन धर्म धूम—धाम से चलेगा।

प्रवचनकार श्री आचार्य सम्राट पूज्य आनन्द ऋषिजी म.सा.

सच्चा अनेकान्तवादी किसी दर्शन पर द्वेष नहीं करता है। वह सम्पूर्ण नयरूप दर्शनों को इस प्रकार की वात्सल्य दृष्टि से देखता है। जिस प्रकार कोई पिता पुत्र को देखता है। क्योंकि अनेकान्तवादी की न्यूनाधिक बुद्धि नहीं होती है। वास्तव में सच्चा शास्त्रज्ञ कहे जाने का वही अधिकारी है जो स्याद्‌वाद का अवलम्बन लेकर सम्पूर्ण

दर्शनों में समानता का भाव रखता है। मध्यस्थ भाव ही शास्त्रों का गूढ़ रहस्य है, यही धर्मवाद है। मध्यस्थभाव रहने पर शास्त्र के एक पद का ज्ञान भी सफल है, अन्यथा करोड़ों शास्त्रों के पढ़ जाने से कोई लाभ नहीं है।

उक्त कथन का सारांश यह है की स्याद्वाद आत्मा में समत्वयोग का इतना व्यापक विस्तार करदेता है कि स्व-पर का भेद ही नहीं रहता है। समत्वयोगी के स्वरुप को कबीर के शब्दों में इस प्रकार कहा जा सकता है—

लाली मेरे लाल की, जित देखो तित लाल ।
लाली देखन मैं चली, मैंभी हो गई लाल ॥

इसी कारण स्याद्वाद का उपासक जिस दृष्टिकोण को देखता है या विचार को सुनताहै या चिन्तन की शैली को परखा है, उसमें अपने ही किसी न किसी अंश को पाता है, विभिन्न दिखने वाले अंश भी स्वयं उसके चिन्तन के किसी न किसी आयाम से मेल खाते हैं। अत: वह उनका विरोध करे तो कैसे ? वे विभिन्न मतों में होने वाले विचार भी तो उसकी सम्यग् चिन्तन कायां के ही तो अंग है। अगर उनको तिरस्कृत कर दिया तो वह स्वयं समत्वयोगी न होकर विषमता का विश्वामित्र हो जायेगा। इसलिए स्याद्वादी सहिष्णु होता है। वह राग द्वेष रुप आत्मा के विकासों पर विजय प्राप्त करने के लिए सतत प्रयत्नशील रहता है। दूसरों के विचारों को सुनता है, सिद्धांतों का सम्मान करता है और अपने विचारों के साथ सामंजस्य के आधार का अन्वेषण करता है एवं मध्यस्थभाव से सम्पूर्ण विरोधों का समन्वय करता है।

आज का राजनैतिक जगत् वैचारिक संघर्षों से परिव्याप्त है।

पूंजीवाद, साम्यवाद, समाजवाद, राजतन्त्र, प्रजातन्त्र, कुलीनतन्त्र, सैनिकतन्त्र, आदि अनेक प्रकार की राज्य व्यवस्थायें और शासन प्रणालियाँ प्रचलित हैं। ये प्रणालियाँ भी एक दूसरे को समाप्त करने तथा अपना-अपना प्रभाव क्षेत्र बढ़ाने में लगी हुई हैं (महायुद्ध और प्रादेशिक युद्ध अपना-अपना प्रभाव क्षेत्र बढ़ाने के लिये हुए और हो रहे हैं) आर्थिक लाभ के अतिरिक्त अपनी विचार धारा का प्रसार प्रमुख कारण है। ये संघर्ष और युद्ध मानव जाति के लिये विभीषिका बने हुए हैं।

इन युद्धों में कोई भी पक्ष लाभ की स्थिति में नहीं है। विजित और विजयी दोनों भयभीत हैं और यह अनुभव करते हैं कि कोई न कोई शांति का मार्ग-उपाय मिले। इसी उद्देश्य को लेकर संयुक्त राष्ट्रसंघ जैसे एक मंच का निर्माण हुआ है। इस मंच का निर्माण होने पर भी और शांति व सह अस्तित्व की आवश्यकता पर जोर देते हुए भी विश्व-शांति स्थापित नहीं हो रही है। इसका कारण स्पष्ट है कि अनेकांत दृष्टि और स्यादवाद की भावना को नहीं अपनाया गया है। बात शांति की की जाती है और प्रवृत्ति पूर्ववत् दुराग्रह से भरी हुई है।

आज की राजनीति यद्यपि राजतन्त्र से प्रजातन्त्र तक आ पहुंची है। इसके बीच अनेक उतार-चढाव भी उसने देखे हैं। लेकिन आज भी प्रजातन्त्र आगे बढ़ गया है। निर्वाचित व्यक्ति पूर्ववत् राजतन्त्र के अनुरुप आचरण कर रहे हैं। बहुमत और अल्पमत की निर्णायक पद्धति के कारण वास्तविक प्रजातन्त्र की स्थापना नहीं हुई है। वह बहुमत तन्त्र बनकर रह गया है, जिसमें अल्पमतों की आवाज भी नहीं सुनी जाती। साथ ही और हारे हुए नेताओं पर

अनेक प्रकार के मिथ्यादोषारोपण कर उनका चरित्र हनन किया जाता है। प्रजातन्त्र तभी सफल हो सकेगा जब स्याद्वाद दृष्टिकोण को स्वीकार किया जाएगा। विरोधी पक्ष की बात इसलिए अग्राह्य नहीं मानी जानी चाहिए कि वह अल्प मत में हैं ऐसा होने पर ही तो शासक अथवा सत्ताधारी दल निरंकुश प्रवृत्ति करने लगता है। इस लिए विरोधी पक्ष को उतना ही मान देना चाहिए जितना अपने पक्ष को सम्माननीय माना जाता है। विपक्ष विरोधी ही नहीं है, किन्तु उसकी धारणाओं में भी किसी रूप से सत्य का अंश है।

भगवान् महावीर ने स्याद्वाद सिद्धांत के द्वारा यही सूत्र दिया है कि एक पक्ष की सत्ता स्वीकार करते हुए भी दूसरे पक्ष को उसका सत्य कहने दो और उस सत्य को स्वीकार करो। यह सिर्फ दार्शनिक चिन्तन नहींहै किन्तु सम्पूर्ण जीवन को स्पर्श करने वाला है और इसके द्वारा हम गरीबों, दुर्बलों और अल्प संख्यकों को न्याय दे सकते हैं। आज जो संघर्ष, वर्गभेद, साम्प्रदायिक कलह, विग्रह आदि हैं उनका मूल कारण एक दूसरे के दृष्टिकोण को न समझना है, वैयक्तिक हठ व आग्रह आदि हैं।

स्याद्वाद संकुचित एवं अनुदार दृष्टि को विशाल बनाता है। यह विशालता, उदारता ही पारस्परिक सौहार्द, सहयोग, सद्भावना एवं समन्वय का मूल प्राण है। आज के युग में तो इसकी और भी अधिक आवश्यकता है। समानता और सह अस्तित्व का सिद्धांत स्याद्वाद को स्वीकार किये बिना फलित नहीं हो सकता है। उदारता और सहयोग की भावना तभी बलवती बनेगी जब हमारा चिन्तन, कथन अनेकांतवादी होगा।

किसी एक पक्ष पर अड जाना तथा वाद-विवाद में आंखे लाल

करके बोलने लगना, ये लक्षण उन लोगों के हैं जो अभी लक्ष्य की राह पर नहीं आये हैं। सत्य के मार्ग पर आया हुआ व्यक्ति हठी नहीं होता है बल्कि स्याद्वादी होता है। जब तक विश्व अनेकांतदृष्टि स्याद्वाद को स्वीकार नहीं करेगा तब तक संसार में शांति होना संभव नहीं है। विश्व को अपने विकाश के लिए स्याद्वाद शाश्वत सरल मार्ग स्वीकार करना पड़ेगा यही विश्व मंगल की अक्षय इकाई है।

आत्मा किस प्रकार से शाश्वत सुख प्राप्त कर सकती है?

—श्री माणकलालजी एडवोकेट, धार (म. प्र.)

'जैन धर्म का संवंध चैतन्य से है। जड़ व चैतन्य के गुण एक दूसरे से विपरीत हैं।'

'यह ससारी जीव किस कारण से दुःखी है और किस साधन को अपनाने से वह शाश्वत सुख का स्वामी हो सकता है।'

'जीव के लिए आठों कर्म शत्रु के समान हैं फिर भी मोहनीय कर्म मुख्य शत्रु और मिथ्यात्व मोहनीय प्रधान शत्रु के समान है।

(१) जैन सर्वज्ञ के युग में हैं

इस जगत् में अनेक मत मतान्तर हैं जो धर्म के नाम से जाने जाते हैं। ये मत प्रवंतक के मतिज्ञान पर आधारित हैं। इनमें विशेषकर पौद्गलिक सुख सुविधा की ही वात कही गई हैं। कभी कहीं आत्म उत्थान की भी बात आती है परन्तु वहाँ भी अपूर्णता हो पाई जाती है। इन धर्मों में पुण्य का सच्चा स्वरूप न जानते हुए

भी पुण्य करने का तो कहा गया है परन्तु आश्रव पाप की रोक का पूर्ण विधान नहीं। पाप की वास्तविक समझ नहीं। एक जगह जिस कृत्य को पाप रूप मानते हैं उसी कृत्य को अन्य जगह पुण्य रूप भी मानते हैं। इस प्रकार का विरोधीपन दृष्टिगोचर होता है सिवाय इसके निर्जरा का स्वरूप नहीं जानते। इस अपूर्णता का कारण है अल्प ज्ञाता एवं सरागता। जिसे छद्मस्थ अवस्था कही जाती है।

जैन धर्म का स्वरूप तीर्थंकर देव सर्वज्ञ और वीतरागी होने के बाद ही बतलाते हैं। छद्मस्थ अवस्था में मौन ही रहते हैं। सर्वज्ञ होने से उनके कथन में भूल नहीं होती और वीतरागी होने से उनका कथन असत्य नहीं होता। जैन धर्म का सम्बन्ध आत्म धर्म से है। जैन धर्म की मान्यता है कि सुख का पुंज स्वयं आत्मा ही है पर वस्तुओं का सुख मानना भ्रम है। आत्मा किस प्रकार से शाश्वत सुख प्राप्त कर सकती है उसकी सचोट विद्या व कला जैन धर्म में बतलाई गई है।

तीर्थंकर देव सर्वज्ञ होने से जड़ व चेतन दोनों का उन्हें पूर्ण ज्ञान होता है। शास्त्रों में जड़ के सम्बन्ध में उतना ही उल्लेख किया है जो कि आत्म धर्म की साधना में आवश्यक था।

लोग कहते हैं कि यह युग वैज्ञानिक युग है, धर्म के सिद्धांत विज्ञान की कसौटी पर खरे उतरने चाहिये। उनकी यह कसौटी ठीक नहीं है। वैज्ञानिक का शोधकार्य जड़ से सम्बन्धित है। उनके निर्णय भी पलटते रहते हैं। जैन धर्म का सम्बन्ध चैतन्य से है जड़ व चैतन्य के गुण एक दूसरे से विपरीत हैं फिर भी तो तीर्थंकर देव सर्वज्ञ होने से उनके द्वारा जड़ के सम्बन्ध में भी अनेक बातें कही गई हैं जिन पर वैज्ञानिक विश्वास नहीं करता था परन्तु वैज्ञानिक

भी कई बातों को सही मानने लगा है। वैज्ञानिकों के जितने भी नये-नये आविष्कार हुए हैं उनसे जैन धर्म की पुष्टि ही हुई है। जहाँ पर विपरीतता पाई जाती है वहाँ विज्ञान सत्य से दूर है ऐसी श्रद्धा एक जैन की होनी चाहिये।

विज्ञान के बल पर जैसे कहा जाता है कि मनुष्य चन्द्रलोक पर पहुँच गया, जैन धर्म इस बात को सही नहीं मानता कारण सर्वज्ञ के ज्ञान में चन्द्रलोक सूर्य से बहुत ऊंचा है वहाँ मनुष्य नहीं पहुँच सकता। परन्तु इस वैज्ञानिक युग के पक्षकार अश्रद्धालु कुछ श्रावक व साधु इस कथित चन्द्रयात्रा को सही मानकर शास्त्र वचनों के प्रति अश्रद्धालु हो रहे हैं, उनकी श्रद्धा डगमगा गई है। श्रद्धालु जिनधर्मी तो यही मानता रहा है कि चाहे वैज्ञानिक या जगत के लोग कुछ भी कहें व मानें परन्तु मनुष्य चन्द्रलोक पर पहुँच ही नहीं सकता। सर्वज्ञ के वचन असत्य नहीं हो सकते।

जैनियों के लिए सन्तोष का विषय है कि अब यह प्रकट हो रहा है कि कुछ वैज्ञानिक लोग मनुष्य के द्वारा चन्द्रलोक की यात्रा पर शंका कर रहे हैं।

जैन धर्मियों को यह अटल श्रद्धा होना चाहिये कि हम वैज्ञानिक युग से भी ऊपर सर्वज्ञ के युग में जी रहे हैं

भरत क्षेत्र में भगवान् का शासन जब तक चलेगा तब तक सर्वज्ञ का युग चालू है ऐसा दृढ़ विश्वास हर एक जैन को होना चाहिये।

(२) सत्य नया या पुराना नहीं होता

जैन धर्म शाश्वत है, निश्चित है। इसमें नवीनता व पुरातनता

को स्थान नहीं है। कारण यह सत्य पर आधारित है। सत्य कभी नया या पुराना नहीं होता, वह सत्य है प्राकृतिक नियम। ये नियम शाश्वत हैं; अपरिवर्तनीय हैं; इन नियमों के अन्तर्गत है षट् द्रव्य, नवतत्त्व आदि। ये शाश्वत नियम सर्वज्ञ के ज्ञान में ही आते हैं और वे वीतराग होने से जो ज्ञान में आया उसका कथन उसी प्रकार करते हैं। हर एक तीर्थंकर देव कोई नवीन जैन धर्म प्रकट नहीं करते बल्कि जो प्राकृतिक नियम है उसका उद्घाटन करते हैं जिसे हम जैन धर्म कहते हैं। इन नियमों से प्रकट होता है कि संसारी जीव किस कारण से दुःखी है और किस साधन को अपनाने से वह सुख का स्वामी हो सकता है। यह भी प्राकृतिक नियम में है कि अमुक समय में 24 तीर्थंकर होंगे ही। इस कारण जैन धर्म अनादि काल से है और अनन्त काल तक रहेगा यह भी नियम में ही है कि महाविदेह क्षेत्र में तीर्थंकर देव हमेशा विद्यमान रहते हैं। तीर्थंकरों की दूरी क्षेत्र से या काल से होते हुए भी इस सत्य की प्ररूपणा में कोई फर्क नहीं आता। जो लोग अपने आपको क्रान्तिकारी साबित करने के लिए दूसरों को पुराणपन्थी व अपने को नवीनपन्थी कहकर बकवास करते हैं वे मत के बल पर जैन धर्म के सिद्धान्त में फेर बदल करना चाहते हैं उन्हें इस वास्तविकता को समझ लेना चाहिए। इसी में शासन का हित है।

(३) सुख की जननी निराकुलता

तीर्थंकरदेव सर्वज्ञ होने से खेदज्ञ भी होते ही हैं। वे जानते हैं कि संसारी जीव दुःखी है। दुःख का लक्षण है आकुलता याने किसी इच्छा की पूर्ति होने की अभिलाषा। इस आकुलता की जननी है मोहनीय कर्म। जितने भी जीव जो मोहनीय कर्म सहित हैं उन्हें कोई तो इच्छा रहती ही है।

उच्चगति का जीव भी क्यों न हो चाहे उसके पुण्योदय से इच्छाओं की पूर्ति होती जा रही हो फिर भी अभिप्राय में उसके इच्छा का सद्भाव बना ही रहता है। सुख का लक्षण है निराकुलता। संसार में जो सुख माना जाता है वह दुःख की तारतम्यता पर आधारित है। यदि किसी इच्छा की पूर्ति पुण्योदय से होती है तो जीव सुख मानता है पर एक इच्छा की पूर्ति हुई नहीं कि तत्काल दूसरी इच्छा उपस्थित हो जाती हैं क्योंकि आकुलता का अन्त मोहनीय कर्म के सद्भाव में नहीं आता। जैन धर्म की आराधना मोहनीय कर्म को नष्ट करने के संबंध में होती है। जीव को यह बात समझ में तब ही आती है जब कि वह मिथ्यात्व मोहनीय को समाप्त करके नवतत्व पर श्रद्धालु बनता है। भगवान् ने श्रद्धा को ही परम दुर्लभ कहा गया है। श्रद्धा याने सम्यग् दर्शन प्राप्त होने पर जीव का संसार काल सीमित हो जाता है। उसका मोक्ष प्राप्त करना निश्चित सा हो जाता है। वह सम्यग् दर्शन कभी उस जीव को चारित्र दिलाकर मोक्ष प्राप्त करवा देगा।

जीव के लिए आठों कर्म शत्रु के समान हैं फिर भी मोहनीय कर्म मुख्य शत्रु के समान और मिथ्यात्व मोहनीय प्रधान शत्रु के समान है। जैन धर्म की आराधना में जितने भी त्याग, सामायिक, प्रतिक्रमण आदि किये जाते हैं उन सब का मुख्य उद्देश्य मोहनीय कर्म पर विजय प्राप्त करना है।

नीति पूर्वक चलने से और प्रीति विवेक, बुद्धिमता तथा विनय का अवलम्बन करने से मनुष्य की सब प्रकार की उन्नत्ति होती है और दुर्भाग्य का नाश होकर क्रमशः मोक्ष की प्राप्ति होती हैं। अतः मनुष्य गति पाकर प्रथम ही नीति आदि का अवलम्बन करना चाहिए। क्योंकि चिकित्सा तब तक ही फायदेमन्द होती है जब तक

कि बीमार जीवित हो। मरने के बाद कुछ भी चिकित्सा नहीं हो सकती।

जैन धर्म के दस नियम

(1) जगत् में दो द्रव्य Substances मुख्य हैं, एक जीव Soul दूसरा अजीव Nonsoul। अजीव के पुद्गल Matter, धर्म Medium of Motion to Soul and Matter जीव और पुद्गल के चलने में सहकारी, अधर्म Medium of Rest to Soul and Matter जीव और पुद्गल के ठहरने में सहकारी, काल Time वर्तना लक्षणवान् और आकाश Space स्थान देने वाला, इस प्रकार 5 भेद हैं।

(2) स्वभाव की अपेक्षा सब जीव समान और शुद्धस्वरूप हैं। परन्तु अनादि काल से कर्मरूप पुद्गलों के सम्बन्ध से वे अशुद्ध हैं। जिस प्रकार सोना खान से मिट्टी में मिला हुआ अशुद्ध निकलता है।

(3) उक्त कर्ममल के कारण इस जीव को नाना योनियों में अनेक संकट भोगने पड़ते हैं और उसी के नष्ट होने पर यह जीव अनन्तज्ञान-अनन्तदर्शन-अनन्तसुख और अनन्तशक्ति आदि को जो कि इसकी निजी सम्पत्ति है और जिसे मुक्ति कहते हैं प्राप्त करता है।

(4) निराकुलता लक्षणयुक्त मोक्षसुख की प्राप्ति इस जीव के अपने निजी पुरुषार्थ के अधिकार में है किसी के पास मांगने से नहीं मिलती।

(5) पदार्थों के स्वरूप का यह सत्यश्रद्धान Right belief सत्यज्ञान Right Knowledge और सत्य आचरण Right Conduct ही यथार्थ में मोक्ष का साधन है।

(6) वस्तुएं अनन्त धर्मात्मक हैं, स्याद्वाद ही उनके प्रत्येक धर्म का सत्यता से प्रतिपादन करता है।

(7) सत्य-आचरण में निम्न-लिखित बातें गर्भित हैं, यथा—

(क) जीव मात्र पर दया करना, कभी किसी को शरीर से कष्ट न देना, वचन से बुरा न कहना और मन से बुरा न विचारना।

(ख) क्रोध, मान, माया, लोभ और मत्सर आदि कषायभाव से आत्मा को मलिन न होने देना, उसे इनके प्रतिपक्षी गुणों से सदा पवित्र रखना।

(ग) इन्द्रियों और मन को वश करना एवं वहिरंग अर्थात् संसारभाव में लिप्त न होना।

(घ) उत्तम क्षमा, निर्लोभता, सरलता, मृदुता, लाघवता, शौच, संयम, तप, त्याग, ज्ञान, ब्रह्मचर्यात्मक धर्म को धारण करना।

(ङ) झूठ, चोरी, कुशील, मानवद्रोह, विश्वासघात, द्रोह, रिश्वत देना-लेना, दुर्व्यसन आदि निन्द्य कार्यों से ग्लानि करना अर्थात् उन्हें त्यागना।

(8) यह संसार स्वयं सिद्ध अर्थात् अनादि अनन्त है इसका कर्ता-हर्ता कोई नहीं है।

(9) आत्मा Soul और परमात्मा God में केवल विभाव और

स्वभाव का अन्तर है। जो आत्मा रागद्वेषरूप विभाव को छोड़ कर निजस्वभावरूप हो जाता है उसे ही परमात्मा कहते हैं।

(10) ऊंच-नीच, छूत-अछूत का विकार मनुष्य का निज का किया हुआ विकार है, वैसे मनुष्य मात्र में प्राकृतिक भेद कुछ भी नहीं है।

भव्य-प्रेरणा

(तर्ज : ओ दूर जाने वाले)

क्या देखते हो भव्यो ! पुरुषारथी बनो तुम।
धन कर्म को न देखो निज आत्म बल लखो तुम ।। ध्रुव ।।

1 अज्ञान कर्म चिकना, कितना ही क्यों न होवे।
श्रुत ज्ञान प्राप्त होगा, नित घोकते चलो तुम ।। 1 ।।

2 अति दुष्ट मन भले ही, घुड़ दौड़ दौड़ता हो।
सपना भी श्रेष्ठ होगा, मन रोकते चलो तुम ।। 2 ।।

3 स्मृति शक्ति को न सोचो, मन्दी भी तेज होगी।
हो पूर्व भवस्मरण ही, सब फेरते चलो तुम ।। 3 ।।

4 क्या साथियों की चिन्ता, लाखों ही आ मिलेंगे।
सेवक बनेंगे सुर भी, उत्साह धर चलो तुम ।। 4 ।।

कायर बनो न व्रत में, उपजेंगे, भावि भव में।
अवधि मनस्क केवल, धीरज धरे चलो तुम ।।5।।

इस पंचमार में भी, होंगे भवैकशेषी।
"पावन" मिलेगी 10 मुक्ति, श्रद्धा रखे चलो तुम ।। 6 ।।

धर्म और विज्ञान

लेखक : श्री कन्हैयालालजी लोढ़ा, जयपुर

ज्ञान का सार–उत्पाद–व्यय ध्रौव्य–सिद्धान्त :—

जैन धर्म व्यक्तिवादी दर्शन न होकर वस्तुवादी दर्शन रहा है। भगवान् महावीर ने सर्वप्रथम वस्तु स्वरूप का निरूपण केवल तीन पदों में ही किया तथा उत्पाद-व्यय का प्रवाह निरन्तर चल रहा है फिर भी वस्तु ध्रुव है अर्थात् वस्तु का आत्यन्तिक नाश कभी नहीं होता। व्यय व ध्रुव ये दोनों विरोधी गुण वस्तु में एक साथ रह सकते हैं, उस युग में इसे अन्य दर्शन स्वीकार करने को तैयार न थे। परन्तु आज विज्ञान ने इस सिद्धांत को शत-प्रतिशत स्वीकार कर लिया कि वस्तु में परिवर्तन निरन्तर हो रहा है फिर भी वस्तु का अस्तित्व और उपादान ज्यों का त्यों विद्यमान रहता है। वस्तु की मात्र अवस्था का परिवर्तन होता है। यही उत्पाद-व्यय है, वस्तुत्व का विनाश कभी भी नहीं होता है; यही ध्रुवत्व है।

भगवान् को वस्तु के उत्पाद, व्यय व ध्रुव का ज्ञान बिना किसी माध्यम से आत्मसाक्षात्कार से अर्थात् प्रत्यक्ष ज्ञान से लाभ हुआ और विज्ञान जगत् में यह ज्ञान यन्त्रों के माध्यम से हुआ, अतः परोक्ष ज्ञान है। भगवान् ने उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य इन तीनों पदों के माध्यम से संक्षेप में समस्त ज्ञान का सार प्रतिपादन किया, जिसे उनके शिष्य गणधरों ने विस्तार में चउदह पूर्वों के रूप में कहा।

वस्तु की उत्पाद-व्यय रूप जो परिवर्तनशील अवस्था है उसी का दूसरा नाम विनाश है। वस्तु की विनाशमय अवस्था का संग

करना, उसे अपना अंग (जीवन) मानना विनाश को ही आमन्त्रण देना है, अतः जिन्हें विनाश इष्ट नहीं है। उन्हें वस्तु की विनाशी अवस्था का संग नहीं करना चाहिए अर्थात् किसी भी अवस्था या परिस्थिति के साथ अपने जीवन, अपने सुख दुःख का सम्बन्ध नहीं जोड़ना चाहिए क्योंकि जिसका नाश अवश्यम्भावी है जो आने पर अवश्य जाने वाली है। उनकी प्राप्ति-अप्राप्ति में हर्ष-शोक करना, उनके आधार पर अपना मूल्यांकन करना, उनको सदा के लिए बनाए रखने का प्रयास करना निरर्थक है। धन, धाम, धरा आदि वस्तुएं तो विनाशी हैं ही, शरीर भी नाशवान् ही है। अतः विवेकी जन इन विनाशी वस्तुओं व स्थितियों के संयोग-वियोग में हर्ष-शाक नहीं करते, सुख-दुःख नहीं मानते, समभाव में रहते हैं। विनाशी वस्तुओं व स्थितियों के प्रभाव अपने पर न पड़ने देना ही ध्रुवचारी बनना है। ध्रुवचारी ही ध्रुवत्व व अमरत्व को प्राप्त करता है।

विज्ञान ने भी उत्पाद-व्यय-ध्रुव के सिद्धान्त को प्रस्तुत तो किया किन्तु उसे अभी तक मनोविज्ञान या जीवन के साथ नहीं जोड़ा गया है फलतः उससे मानव जाति को जो लाभ मिलना चाहिए वह नहीं मिल पाया है। इसका कारण है अभी तक विज्ञान का क्षेत्र सीमित है। सीमित ज्ञान अधूरा या दोषमय होता है। दोष से दुःख उत्पन्न होता है। विज्ञान का लक्ष्य ज्ञान को सीमित रखने का नहीं है प्रत्युत् विस्तृत करने का है अतः जैसे-जैसे विज्ञान का क्षेत्र विस्तृत होता जायेगा उसकी उपलब्धियों से दोष दूर होता जायेगा और वह धर्म के निकट आता जायेगा। यही कारण है कि जैसे जैसे विज्ञान का विकास होता जा रहा है वैसे वैसे जैन दर्शन के सिद्धान्तों में संनिहित सच्चाई का उद्घाटन होता जा रहा है।

●

विज्ञान द्वारा स्वीकृत आगमिक सिद्धांत

1. आगमों में कहा है कि शब्द (sound) जड़ मूर्तिमान् और लोक के अन्त तक प्रवाहित होने वाला है, आज के विज्ञान ने भी ग्रामोफोन और रेडियो का आविष्कार करके यह सिद्ध कर दिया है।

2. आचारांग सूत्र में वनस्पति में जीवों का अस्तित्व बताने के लिए निम्न लक्षण दिए हैं। 'जाइधम्मयं' उत्पन्न होने वाला है, 'वुड्ढिधम्मयं' इसके शरीर में वृद्धि होती है, 'चित्तमंतय' चैतन्य है, 'छिन्नं मिलाइ' काटने पर सूख जाता है, 'आहारगं' आहार भी ग्रहण करता है, 'अणिच्चयं' 'आसासयं' इसका शरीर भी अनित्य और अशाश्वत है, 'चओवचइयं' इसके शरीर में भी घट बढ़ होती रहती है। सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक जगदीशचन्द्र वसु ने अपने परीक्षणों द्वारा उपरोक्त सब लक्षण सिद्ध किए हैं जिसे समस्त वैज्ञानिक लोग मान चुके हैं।

3. आगमों ने समस्त द्रव्यों को अनादि माना है। इसी बात को प्रसिद्ध प्राणीशास्त्रवेता J. B. S हॉल्डन ने भी माना है, वे कहते हैं कि मेरे विचार में जगत् की कोई आदि नहीं है।

4. जैन धर्म किसी को कर्ता हर्ता नहीं मानता, इसे आज का विज्ञान भी स्वीकार करता है।

5. शब्द, ज्योति, ताप और आतप को आगम ने पुद्गल कहा है जिसे विज्ञान ने भी मैटर Matter के रूप में मान लिया है। और इसे भी स्वीकार किया है कि ये सब पुद्गल-द्रव्य के पर्याय-विशेष हैं।

6. प्रसिद्ध भूगर्भ-वैज्ञानिक फ्रांसिस अपनी सुप्रसिद्ध पुस्तक Ten years under earth में लिखते हैं कि मैंने पृथिवी के ऐसे-ऐसे रूप देखे हैं जिनसे पृथिवी में जीवत्व शक्ति प्रतीत होती है। अभी तक वे निश्चय पर नहीं पहूंच सके, परन्तु आगमों ने तो स्पष्ट कहा है कि पृथ्वीकाय में जीव है।

7. स्थानांग सूत्र 5, 2, 5 में आता है कि स्त्री बिना संयोग के भी शुक्र पुद्गल ग्रहण कर गर्भवती हो सकती है। आधुनिक विज्ञानवेताओं ने भी कृत्रिम गर्भाधान द्वारा इसे सिद्ध कर दिया है।

8, आगम पदार्थ की अनीश्वरता और आत्मा की अजर-अमरता वताते हैं, जिसे सुविख्यात वैज्ञानिक डाल्टन (Dolton) ने Low of conservation द्वारा सिद्ध कर दिखाया है। परन्तु आत्मा की तह तक विज्ञान अब तक नहीं पहुँच सका।

9. भगवान् महावीर के गर्भस्थानान्तरण को कई लोग असम्भव मानते हैं जिसे प्राणीशास्त्रवेता डॉ. चांग ने बोस्टन विश्व-विद्यालय जैव रसायनशाला में गर्भस्थानान्तरण परीक्षणों द्वारा सिद्ध किया है। अमेरिकन हिरनी के गर्भवीज को एक अंग्रेजी हिरनी के गर्भाशय में स्थानान्तरित करने में उन्हें सफलता भी मिली है।

10. आगम कहते हैं कि द्रव्यार्थिकनय की अपेक्षा न कोई द्रव्य घटता है न वढ़ता है जो रूपान्तर होता है वह उसका पर्याय है। वैज्ञानिक भी मानते हैं कि कोई पुद्गल (Matter) नष्ट नहीं होता, केवल दूसरे रूप (Form) में वदल जाता है। वे लोग इसे Principle of Conservation of Mass and Energy कहते हैं।

11. आगम मानते हैं कि पानी की एक बून्द में असंख्य जीव होते हैं। वैज्ञानिकों ने भी सूक्ष्मवीक्षण यन्त्र द्वारा पानी की एक बून्द में 36000 से भी अधिक जीव देखे हैं और यह भी मानते हैं कि बहुत से जीव ऐसे हैं जो सूक्ष्मवीक्षण यन्त्र द्वारा भी नहीं देखे जा सकते। देखो हाई निकोल की मिक्रोप्स बाई द मिलियन पेंनगिन द्वारा 1945 में प्रकाशित'।

12 भगवान् महावीर ने पुद्गल की अपरिमेय शक्ति बताई है, जिसे आज के विज्ञान ने 'एटमबम' 'अणुबम' 'उद्जनबम' आदि से सिद्ध कर दिखाया है।

13 जैनशास्त्रानुसार लोहे का सोने में परिवर्तन करना संम्भव है जिसे विज्ञान ने भी स्वीकार किया है कि सोने के एक परमाणु में 79 प्रोट्रोन्स (Protrons) और लोहे के परमाणु में 36 प्रोट्रोन्स होते हैं, यदि दोनों की संख्या किसी प्रकार सम कर दी जाय तो वह सोने का परमाणु हो सकता है।

14 ध्यान और योगसंवंधी सिद्धान्त के लिए डा. ग्रे वाल्टर की The living brain नामक पुस्तक देखें।

15 प्रसिद्ध वैज्ञानिक आस्टाइनका 'थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी, स्याद्वादसे बहुत सा साम्य रखता है।

16 विज्ञान ने जीव, पुद्गल, आकाश (Space), काल (Time) और धर्मास्तिकायको भी 'ईथर' के रूप में माना है।

17 आगम कहते हैं कि परमाणु पुद्गल कभी स्थिर और कभी चल रहता है। वैज्ञानिकों ने भी 'हाईड्रोजन' के एलेक्ट्रोन को वाहिर और भीतर के वृत्तमें अनिश्चित काल तक चल विचल होते देखा है।

6. प्रसिद्ध भूगर्भ-वैज्ञानिक फ्रांसिस अपनी सुप्रसिद्ध पुस्तक Ten years under earth में लिखते हैं कि मैंने पृथिवी के ऐसे-ऐसे रूप देखे हैं जिनसे पृथिवी में जीवत्व शक्ति प्रतीत होती है। अभी तक वे निश्चय पर नहीं पहूंच सके, परन्तु आगमों ने तो स्पष्ट कहा है कि पृथ्वीकाय में जीव है।

7. स्थानांग सूत्र 5, 2, 5 में आता है कि स्त्री बिना संयोग के भी शुक्र पुद्गल ग्रहण कर गर्भवती हो सकती है। आधुनिक विज्ञानवेताओं ने भी कृत्रिम गर्भाधान द्वारा इसे सिद्ध कर दिया है।

8, आगम पदार्थ की अनीश्वरता और आत्मा की अजर-अमरता बताते हैं, जिसे सुविख्यात वैज्ञानिक डाल्टन (Dolton) ने Low of conservation द्वारा सिद्ध कर दिखाया है। परन्तु आत्मा की तह तक विज्ञान अब तक नहीं पहुँच सका।

9. भगवान् महावीर के गर्भास्थानान्तरण को कई लोग असम्भव मानते हैं जिसे प्राणीशास्त्रवेता डॉ. चांग ने बोस्टन विश्व-विद्यालय जैव रसायनशाला में गर्भस्थानान्तरण परीक्षणों द्वारा सिद्ध किया है। अमेरिकन हिरनी के गर्भबीज को एक अंग्रेजी हिरनी के गर्भाशय में स्थानान्तरित करने में उन्हें सफलता भी मिली है।

10. आगम कहते हैं कि द्रव्यार्थिकनय की अपेक्षा न कोई द्रव्य घटता है न बढ़ता है जो रूपान्तर होता है वह उसका पर्याय है। वैज्ञानिक भी मानते हैं कि कोई पुद्गल (Matter) नष्ट नहीं होता, केवल दूसरे रूप (Form) में बदल जाता है। वे लोग इसे Principle of Conservation of Mass and Energy कहते हैं।

11. आगम मानते हैं कि पानी की एक बून्द में असंख्य जीव होते हैं। वैज्ञानिकों ने भी सूक्ष्मवीक्षण यन्त्र द्वारा पानी की एक बून्द में 36000 से भी अधिक जीव देखे हैं और यह भी मानते हैं कि वहुत से जीव ऐसे हैं जो सूक्ष्मवीक्षण यन्त्र द्वारा भी नहीं देखे जा सकते। देखो हाई निकोल की मिक्रोप्स वाई द मिलियन पैंनगिन द्वारा 1945 में प्रकाशित'।

12 भगवान् महावीर ने पुद्गल की अपरिमेय शक्ति बताई है, जिसे आज के विज्ञान ने 'एटमबम' 'अणुबम' 'उद्जनबम' आदि से सिद्ध कर दिखाया है।

13 जैनशास्त्रानुसार लोहे का सोने में परिवर्तन करना संभव है जिसे विज्ञान ने भी स्वीकार किया है कि सोने के एक परमाणु में 79 प्रोट्रोन्स (Protrons) और लोहे के परमाणु में 36 प्रोट्रोन्स होते हैं, यदि दोनों की संख्या किसी प्रकार सम कर दी जाय तो वह सोने का परमाणु हो सकता है।

14 ध्यान और योगसंबंधी सिद्धान्त के लिए डा. ग्रे वाल्टर की The living brain नामक पुस्तक देखें।

15 प्रसिद्ध वैज्ञानिक आस्टाइनका 'थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी, स्याद्वादसे वहुत सा साम्य रखता है।

16 विज्ञान ने जीव, पुद्गल, आकाश (Space), काल (Time) और धर्मास्तिकायको भी 'ईथर' के रूप में माना है।

17 आगम कहते हैं कि परमाणु पुद्गल कभी स्थिर और कभी चल रहता है। वैज्ञानिकों ने भी 'हाईड्रोजन' के एलेक्ट्रोन को बाहिर और भीतर के वृत्तमें अनिश्चित काल तक चल विचल होते देखा है।

18 आगामों में परमाणु अनन्त प्रकार के और अत्यन्त सूक्ष्म कहे हैं. वैज्ञानिक अनन्तता तक तो नहीं पहुँच सके फिर भी उन्होंने 14 प्राइमरी पारटीकलस् माने हैं। और वे यह स्वीकार करते हैं कि Primary Particles इतने सूक्ष्म हैं कि उनमें से कइयों को वे महाशक्तिशाली यंत्रों द्वारा भी नहीं देख सके।

19 जीवों का उत्पत्ति स्थान मृत शरीर (अन्तरमुहूर्त के बाद) जीवित प्राणी का अंग और पुद्गल भी हो सकता है ऐसा जैन शास्त्र मानते हैं। जिसे किसी अपेक्षा से चौथी हाइपोथिसिस (Hypothesis IV) द्वारा वैज्ञानिकों ने भी स्वीकार किया है।

20 शास्त्रों में वर्णित अवगाहना आदि को कई लोग असंभव मानते हैं, उन्हें 10 जनवरी 1945 के संडे स्टेण्डर्ड में रेडिएशन के बारे में फ्रेंक चेलेंजर द्वारा लिखित लेख देखना चाहिए। रेडिएशन से प्रतिवर्ष सवा इंच के हिसाब से उंचाई में वृद्धि बताई है। यदि अवसर्पिणी के छठे आरे का मनुष्य उत्सर्पिणी के सुषमा काल तक जिसका अंतर 10 कोडाकोड़ी सागरोपम होता है तीन गाऊ की अवगाहना वाला हो तो कोई आश्चर्य नहीं। आगम मानते हैं कि मनुष्य के संस्थान, संहनन, आयुष्य, अवगाहना, भूमि के वर्ण, गंध, रस, स्पर्श आदि में अवसर्पिणी काल में ह्रास और उत्सर्पिणी काल में क्रमशः वृद्धि होती है। इसके लिए मार्टिनिज द्वारा लिखित 'विचित्र' रेडिएशन एवं उनका आश्चर्यकारक प्रभाव, नामक लेख देखें।

(नोट) ऐसे अनेक तथ्य हैं जिनको विज्ञान ने स्वीकार किया है। और कई तथ्यों तक तो वह अभी पहुंच भी नहीं सका है। सच है कहां जड़वादी विज्ञान और कहां अध्यात्मवादी आगम ! दोनों में जमीन आसमान का अंतर है।

अहिंसा का सूक्ष्म विवेचन

अहिंसा का सूक्ष्म विवेचन जितना जैन धर्म में है उतना अन्यत्र कहीं नहीं मिलता। अहिंसा की साधना से ही भारतवर्ष को स्वतंत्रता प्राप्त हुई है, जिसे देखकर शनैः शनैः आज की दुनिया उसकी ओर आकर्षित होकर प्रगतिशील हो रही है। जैन धर्म मानता है कि "सव्वे जीवा पियाउया" "सव्वे जीवा वि इच्छंति, जीविउं न मरिज्जिउं।" Live and let live. Not Killing is Living. इसके अतिरिक्त जैन धर्म, सत्य, अचौर्य ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, संयम, तप और त्याग पर भी पूरा पूरा भार देता है।

जैन धर्म सैद्धान्तिक दृष्टि से जातिवाद और छूतछात को नहीं मानता "कम्मुणा बंभणो होइ, कम्मुणा होइ खत्तिओ॥" अर्थात् ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि सब कर्मानुसार है जन्म से नहीं। हरिकेश मुनि जैसे शूद्रजातीय भी देवों के पूजनीय थे।

स्त्री के समानाधिकार—चतुर्विध संघ में जहां साधु और श्रावक का स्थान है वहां साध्वी और श्राविका का भी। चंदनवाला आदि कई महासतियों ने मुक्ति प्राप्त की है।

जैनागमों में वर्णित गणतंत्र के आधार पर ही आजके गणतंत्र की उत्पत्ति हुई है।

ज्ञान और क्रिया—जैन धर्म 'ज्ञानक्रियाभ्यां मोक्षः' अर्थात् ज्ञान के द्वारा वस्तु का तथ्य जानकर उसी भांति आचरण (क्रिया) द्वारा मोक्ष मानता है।

आगम कहते हैं कि 'जे कम्मे सूरा ते धम्मे सूरा'—जो कर्मशूर होते हैं वे ही धर्मशूर होते हैं।

वाह्य युद्ध का निषेध—'अप्पाणमेव जुज्झाहि, किं ते जुज्भेण वज्झओ। अप्पाणमेव अप्पाण, जइत्ता सुहमेहए ।।' वाहरी युद्धों से कुछ न होगा। आंतरिक युद्ध करके आंतरिक शत्रुओं पर विजय पाओ तव ही सच्चे सुख को प्राप्ति होगी। इसी प्रकार जैन धर्म आत्म-दमन पर ही जोर देता है—'अप्पा चेव दमेयव्वो, अप्पा हु खलु दुद्दमो। अप्पा दंतो सुही होई, अस्सि लोए परत्थ य ।।'

कर्म सिद्धान्त—जैन धर्म में आठ कर्म माने हैं। ज्ञानावरणीय (यह जीव के ज्ञान पर आवरणरूप है जैसे वादल सूर्य को ढक लेता है), दर्शनावरणीय (जो जीव की दर्शन शक्ति को ढंकता है जैसे दर्वान किसी को राजा से मिलने में विघ्न कराता है), वेदनीय (जो सुख दु:ख का अनुभव करता है, सातावेदनीय शहदलिप्त तलवार के समान और असातावेदनीय दिपलिप्त खङ्ग के समान है), मोहनीय (यह आत्मा के स्वरुप को भुलाता है जैसे दारू पीने वाला अपना भान भूल जाता है), आयुकर्म (वंदीगृह में वंदी के समान यह जीव को नाना गतियों में रोके रखता है), नामकर्म (भिन्न भिन्न गतियों में उत्पन्न करता है चित्रकार और चित्र के सदृश), गोत्रकर्म (यह ऊंच और नीच अवस्था का भेद करता है कुम्हार और उसके वर्तन की तरह), अन्तरायकर्म (यह कर्म जीव को दान, लाभ, भोग उप-भोग और शक्ति से वंचित रखता है) :

दो प्रकार का धर्म—जैन धर्म में धर्म के दो साधक वताए हैं, साधु और श्रावक। साधु अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरि-ग्रह का सांगोपांग पूर्णतया पालन करता है तव श्रावक इनकी मर्यादा करता है। इसके अतिरिक्त तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रतों का पालन करता है।

नवतत्व—जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव (कर्म प्रकृति के

आने का मार्ग) संवर (कर्म प्रकृति का आत्मा में आने से रोकना) निर्जरा (बारह प्रकार के तप से कर्मरूप रज को आत्मा से पृथक् करना), वंध (कर्म प्रकृति का आत्मा में दूध और पानी की तरह मिलना), मोक्ष (कर्मप्रकृति से तीनों उपायों से आत्मा का मोक्ष होना) ये नव तत्व हैं। यदि इस संबंध में कुछ विशेष जानना हो तो जिज्ञासु 'नवपदार्थ ज्ञानसागर, का अवलोकन करें।

जैन साहित्य - जैनों की संख्या कम होते हुए भी उनका साहित्य विशालतम है। अर्धमागधी संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी गुजराती, राजस्थानी आदि भाषाओं में उनके अनेक ग्रंथ पाए जाते हैं, इसके अतिरिक्त व्याकरण न्याय, काव्य, कोष छंद, ज्योतिष, सामुद्रिक योग, स्वरशास्त्र, वैद्यक आदि के ग्रंथ भी पुष्कल प्रमाण में उपलब्ध है :

जैन साहित्य में आगमों का स्थान सर्वोच्च है। आगम सिद्धान्त शास्त्र और सूत्र एक ही बात है। सूत्र की पद्धति कुछ बौद्धों में है जैसे सुत्तनिपात्त, पायासीसुत्त आदि। हिंदुओं में व्याकरण और न्याय आदि ग्रंथ सूत्रबद्ध ही हैं। जैनागम तो सबके सब सूत्ररूप हैं ही।

हिंसा का प्रतिपक्ष अहिंसा है उक्त परिभाषा अहिंसा की निषेधात्मक परिभाषा है। निषेधात्मक अहिंसा हमारे जीवन के समग्र-पहलुओं का स्पर्श नहीं करती है, वह तो केवल बाह्य बनकर रह जाती है। और यह भी तथ्य सुस्पष्ट है कि आध्यात्मिक का जन्म स्थल तो आन्तरिक-भावों में है। हिंसा नहीं करना यह अहिंसा का शरीर मात्र नहीं है, किसी भी जीव के प्राणों का हनन नहीं करना यह दृष्टिकोण अहिंसा के सम्बन्ध में स्थूल दृष्टिकोण है। लेकिन इस तथ्य को स्वीकार कर लेना नितान्त भ्रामक होगा कि जैन

विचारणा अहिंसा की इस स्थूल दृष्टि तक सीमित रही।

यह सच है कि जैन-आचार दर्शन का केन्द्रीय तत्त्व अहिंसा है और वह शाब्दिक रूप में नकारात्मक नहीं है, उसकी लेकिन अनुभूति है, वह वास्तव में नकारात्मक ही है, उसकी अनुभूति सर्वदा ही विधायक रही है। सर्व आत्मभाव करुणा तथा मैत्री की विधायक अनुभूतियों में अहिंसा की निर्मल धारा प्रवाहित हुई है। अहिंसा क्रियात्मक भी है, और सत्तात्मक भी। वह हमारी आत्मा की एक अवस्था विशेष है। आत्मा की प्रमत्त अवस्था ही हिंसा है, अहिंसा नहीं और आत्मा की अप्रमत्त अवस्था अहिंसा है, हिंसा कदापि नहीं।

इस सन्दर्भ में एक सन्दर्भ है जो अहिंसा और हिंसा के भेद को स्पष्टतया वताता है। पारमार्थिक दृष्टिकोण से आत्मा ही हिंसा है और आत्मा ही अहिंसा है प्रमत्त आत्मा हिंसक है और अप्रमत्त आत्मा अहिंसक है।

वस्तुत: आत्मा की अप्रमत्त अवस्था को अहिंसा कहते हैं और आत्मा की प्रमत्त दशा हिंसा की अवस्था है।

अहिंसा जैन संस्कृति के आचार और विचार का प्रमुख केन्द्र है, यदि यह भी कह दिया जाय तो सर्वथा संगत होगा कि अहिंसा वह धूरि है जिस पर जैनाचार की विधि घूमती है। जैन श्रमण संस्कृति में अहिंसा के विषय में जितना विशद विश्लेषण हुआ है उतना विश्व की किसी भी संस्कृति में नहीं हो सका। श्रमण संस्कृति की प्रत्येक क्रिया अहिंसा मूलक हैं। उस के कण-कण में अहिंसा की भव्य भावना परिव्याप्त है। खान-पान रहन-सहन वोल-चाल आदि सभी में अहिंसा का स्वर मुखरित हुआ है।

श्रमण संस्कृति के पास यदि कोई अनमोल निधि है तो वह

है-अहिंसा। यदि उसके पास सभी कुछ है और वह अक्षय निधि नहीं है तो कुछ भी नहीं है।

आचार-विषयक अहिंसा का परम उत्कर्ष श्रमण संस्कृति में निहारा जा सकता है, इसके अतिरिक्त वह उत्कर्ष कहीं भी दृष्टि-गोचर नहीं होता है।

अहिंसा के उत्कर्ष-वर्णन में बताया गया है कि अहिंसा के समान दूसरा धर्म नहीं है। ज्ञानी होने का सार यही हैं कि हिंसा न करे। अहिंसा ही समग्र धर्म का सार है; इसे सदैव स्मरण करना चाहिए सभी प्राणियों के प्रति संयम में अहिंसा के सर्व श्रेष्ठ होने से प्रभु महावीर ने इसको प्रथम स्थान पर कहा है। सभी नैतिक नियम और मर्यादाएं इसके अन्तर्गत है। आचार के नियमों के दूसरे रूप जैसे असत्य भाषण न करना, चोरी नहीं करना आदि तो जन-सामान्य को सरलता पूर्वक समझाने के लिए भिन्न-भिन्न नामों से कहे जा सकते हैं; वे सभी अहिंसा के ही विभिन्न पहलु हैं।

जैन आचार-दर्शन में अहिंसा यह आधार वाक्य है, जिसके द्वारा आचार के सभी नियम निर्गमित होते हैं। इस सन्दर्भ में एक महत्त्वपूर्ण उल्लेख प्राप्त होता है। अहिंसा सब श्रावकों का हृदय है, सब शास्त्रों का उत्पत्ति स्थान है।

जैसे सांख्य दर्शन का मूल प्रकृति और पुरुष का विवेकवाद है, बौद्ध दर्शन का केन्द्र बिन्दु विज्ञानवाद और शून्यवाद है, वेदान्त दर्शन का चिन्तन अद्वैतवाद और मायावाद है, वैसे ही जैन-श्रमण संस्कृति का मुख्य आधार अहिंसा और अनेकान्तवाद है।

हमें यह तथ्य अवश्य स्वीकार कर लेना चाहिये कि अहिंसा के

विषय में बौद्ध धर्म में भी पर्याप्त मात्रा में लिखा है।

बौद्ध दर्शन के दस शीलों में अहिंसा को प्रथम स्थान दिया है। चतुः शतक में यह भी वर्णन मिलता है कि तथागत ने संक्षेप में केवल 'अहिंसा' उक्त तीन अक्षरों में धर्म का प्रतिपादन किया है। हिंसा अनार्यकर्म है। जो प्राणियों की हिंसा करता है वह आर्य नहीं होता, समस्त प्राणियों के प्रति अहिंसा का पालन करने वाला ही आर्य कहलाता है।

हिंसा का अर्थ केवल शारीरिक हिंसा ही नहीं है, उसका व्यापक अर्थ है मन और वचन से किसी को पीड़ा पहुँचाना भी हिंसा है।

जैन संस्कृति ने प्राणी की जो परिभाषा की है वह मनुष्य और पशु तक परिसीमित नहीं है। प्रत्युत उसकी परिधि में एकेन्द्रिय प्राणी से लेकर पंचेन्द्रिय प्राणी भी सम्मिलित है।

अहिंसा के विषय में सर्वाधिक प्रबल युक्ति यह है कि सभी जीना चाहते हैं, कोई भी मरना नहीं चाहता! अतः किसी भी प्राणी का हनन मत करो।

वस्तु स्थिति यह है कि जैसे हमें अपना जीवन प्रिय है, मरण अप्रिय है, सुख प्रिय है दुःख प्रिय नहीं है। अनुकूल अत्यधिक प्रिय है और प्रतिकूलता अप्रिय है। लाभ प्रिय है अलाभ अप्रिय है। मृदुता प्रिय है तो कठोरता अप्रिय, स्वतन्त्रता प्रिय है, परतन्त्रता अप्रिय है; उसी प्रकार दूसरे प्राणियों को भी जीवन आदि प्रिय हैं, मरण आदि अप्रिय हैं।

यह जो दिव्य भावना है वह अहिंसा का मूल आधार है, आत्मौपम्य की निर्मल दृष्टि है। प्रत्येक आत्मा तत्त्वतः समान है।

अतः मन वचन और काया इन तीनों से किसी भी प्राणी को कष्ट-पीड़ा पहुंचाना हिंसा है, और किसी को पीड़ित-दुःखित न करना पूर्ण अहिंसा है।

धार्मिक-शिक्षण : जीवन-माधुर्य

लेखक—**श्री नरेन्द्र एस. कामदार**

धार्मिक शिक्षण भव भवका भाता है, मनुष्य के कल्याण, आत्मउन्नति और ध्येय सिद्धि का यही मंगलमय मार्ग है।

माता-पिता अपनी सन्तानों को धर्म के मंगलमय जीवन में संलग्न करने का कर्त्तव्य पूर्ण नहीं करेंगे तो इतिहास उन्हें कभी क्षमा नहीं करेगा।

दुर्लभ मानव देह जो, सार्थक करवो होय।
तो धार्मिक शिक्षण विना, करि न शके कोय ॥

धार्मिक शिक्षण और संस्कार मनुष्य को सिर्फ एक ही भव में नहीं परन्तु भव भव में उपयोगी होता है। विनय, नम्रता सौजन्य ये सब उच्च संस्कार मनुष्य जीवन की प्रगति के सोपान हैं और इन से ही मानव जावन देदीप्यमान् होता है।

जिस प्रकार छोटे पौधे को जिस ओर मोड़ना चाहें मोड़ सकते हैं लेकिन बड़ा होने पर उसको मोड़ना दुष्कर है। उसी प्रकार छोटे छोटे बालक-बालिकाओं में बाल्यावस्था से ही धर्म संस्कारों का सिंचन करना प्रत्येक माता-पिता का परम पवित्र कर्त्तव्य है। केवल जन्म देने मात्र से ही कर्त्तव्य की इतिश्री नहीं होती लेकिन उन में पवित्र संस्कारों को उत्पन्न करना भी परम आवश्यक है।

श्री सुधर्म प्रचार मण्डल बालक बालिकाओं में धर्मिक संस्कारों को अंकुरित करने के लिए समय-समय पर शिविरों का आयोजन तथा पाठशालाओं की स्थापना करवाने के लिए प्रेरणा दे रहा है तथा पाठशालाओं में निःशुल्क साहित्य वितरित करके समाज की सुन्दर सेवा कर रहा है। अतः मण्डल की इन सुन्दर प्रवृतियों में तन, मन, धन से सहयोग प्रदान कर प्रवृतियों को आगे बढ़ाने में सहायक बनेंगे, ऐसी मेरी आप सबको हार्दिक विनती है।

आज के इस वैज्ञानिक युग में प्रलोभन की अनेक सामग्रियां उपलब्ध हैं। सिनेमा, नाटक मौजशौक, अनेक प्रकार के खान पान आदि से आज का वातावरण अत्यन्त दूषित बन चुका है। ऐसी विषम परिस्थिति से माता पिता अपनी सन्तानों को बचाकर धर्म के मंगलमय जीवन में संलग्न करने का कर्त्तव्य पूर्ण नहीं करेंगे तो इतिहास उन्हें कभी क्षमा नहीं करेगा।

अपने सन्निकट स्थानों पर चल रही धार्मिक पाठशालाओं में अपने बालकों को अवश्य भेजने के लिए हम आपसे अनुरोध करते हैं।

यदि अलौकिक आनन्द प्राप्त करना चाहते हो तो जिसका अवलम्बन करने से तुम्हारे प्रति क्रोधी शान्त हो जाता है, शत्रु मित्र बन जाता है, महामूर्ख नम्रता धारण कर लेता हैं, धनवान् भी धन-मद रहित हो जाता है, ऐसे देवों द्वारा मान्य और कल्पवृक्ष के समान सकल अभीष्टों को सिद्ध करने वाली शान्ति को प्राप्त करो।

वेद रचना काल से पहले जैन धर्म था

जैन धर्म की प्राचीनता पर कुछ विद्वानों की सम्मतियां—

डॉ. राधा कृष्णन ने लिखा हैं– "यह कहना किंचित् मात्र भी अतिशयोक्ति नहीं होगी कि वेद रचना काल से पहले भी जैन धर्म अवश्य था।" (आत्म ज्ञान प्रवेशिका से)

लोकमान्य गंगाधर तिलक – "ग्रन्थों तथा सामाजिक व्याख्यानों से जाना जाता है कि जैन धर्म अनादि है। यह विषय निर्विवाद और मतभेद रहित है तथा इस संबंध में इतिहास के दृढ़ प्रमाण हैं।"

प्रसिद्ध इतिहास वेत्ता डा. हर्मन जेकोबी जर्मनी— "मैं इस निर्णय पर आ गया हूं कि जैन धर्म अत्यन्त प्राचीन और दूसरों से पृथक एक स्वतंत्र धर्म हैं। इस लिए भारत वर्ष का प्राचीन तत्व ज्ञान और धार्मिक जीवन जानने के लिए यह अत्यन्त उपयोगी है।"

महामहो, सत्य संप्रदायाचार्य स्वामी राम मिश्र जी शास्त्री प्रोफेसर संस्कृत कालेज बनारस— "जैन मत तब से प्रचलित हुआ है जब से संसार में सृष्टि का आरंभ हुआ है। मुझे तो इसमें किसी भी प्रकार का उज्र नहीं है कि जैन दर्शन वेदान्त आदि दर्शनों से भी पूर्व का है।"

